प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **195 / 2025** (अपील सूचना का अधिकार)

Karan Sharma Add: Village Bujhara, Post Kundwa, Tehsil Deogarh, Marwar Junction, Rajsamand, Raj.

...............अपीलार्थी

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बड़गांव, उदयपुर

..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 04/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 3294501090684 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 28.09.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/195/25/1215–16 दिनांक 01.12.2025 एवं ऑनलाईन पत्रांक 2843061278 दिनांक 01.12.2025 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बड़गांव द्वारा जरिये पत्रांकः सू.अ. 2025/2005/284 दिनांक 17.12.2025 से प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए न्यायालय को अवगत कराया गया कि अपीलार्थी का आवेदन इस कार्यालय में दिनांक 28.09.2025 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक 269 दिनांक 28.10.2025 को अपीलार्थी को जरिये डाक द्वारा सूचित कर दिया गया था। अतः प्रार्थी की अपील निरस्त फरमावें।

अपीलार्थी द्वारा परिकथन प्रस्तुत कर अवगत कराया कि तहसीलदार, बड़गांव द्वारा 30 दिवस पश्चात् सूचना निःशुल्क उपलब्ध नहीं कराई जाकर राजकोष में राशि जमा कराने की जो मांग की है, वह विधिसम्मत नहीं है अतः सूचना निःशुल्क दिलवाई जावें।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा दिनांक 28.09.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में सूचना प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया। सूचना प्राप्त नहीं होने से अपीलार्थी द्वारा इस कार्यालय में प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। पत्रावली का अवलोकन करने से स्पष्ट है कि प्रत्यर्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है तथा निर्धारित समयावधि पश्चात् निर्धारित शुल्क राजकोष में

प्रथम अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.04 11:21:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21961975
M e-Sign

जमा कराने हेतु सूचित किया गया है जो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों के विपरित है। साथ ही सूचना डाक के माध्यम से प्रेषित किया जाना अंकित किया है जबकि पत्रावली पर इस संबंध में कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है। सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बड़गांव को निर्देशित किया जाता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपीलार्थी को नियमानुसार निशुल्क सूचना उपलब्ध करवाये तथा की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करे।

निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.04 11:21:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21961975
M e-Sign